an>

title: Need to set up a bench of Rajasthan High Court at Udaipur.

श्री अर्जुन लाल मीणा (उदयपुर) ः मेरा लोक सभा क्षेत्र उदयपुर दक्षिणी राजस्थान का संभाग मुख्यालय है। यह जनजाति बाहुल्य क्षेत्र है और इस संभाग के अंतर्गत 6 जिले आते हैं जिनमें उदयपुर, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, प्रतापगढ़, चित्तौड़गढ़, राजसमंद प्रमुख हैं। इस संभाग में 70 प्रतिशत से 75 प्रतिशत जनसंख्या अनुसूचित जाति-जनजाति की है। यह क्षेत्र भारत सरकार द्वारा शिडयूल्ड वी.टी.एस.पी. एरिया घोषित है। यहां के गरीब आदिवासियों को अपने न्याय एवं हक के लिए जोधपुर हाईकोर्ट जाना पड़ता है।

राजस्थान उच्च न्यायालय की जोधपुर हाईकोर्ट बेंच उदयपुर से लगभग 250 से 300 कि.मी. दूर पड़ती है और उदयपुर से जोधपुर जाने के लिए कोई सीधी रेल सेवा नहीं है। गरीब आदिवासियों, सरकारी कर्मचारियों और आम जनता को अपने न्याय के लिए जोधपुर तक जाने में समय और धन अत्यधिक खर्च करना पड़ता है।

अतः मैं सरकार से मांग करता हूं कि गरीब आदिवासियों, सरकारी कर्मचारियों और आम जनता को सस्ता एवं सुलभ न्याय मिल सके इसके लिए उदयपुर संभाग मुख्यालय पर हाईकोर्ट बेंच खोली जाये।